Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer) का चरण 1 आरंभ हो गया है

01 जून 2021

टीकाकरण दरों में वृद्धि और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में लगातार होने वाली गिरावट के फलस्वरूप अब एल्बर्टावासी आउटडोर बैठकर भोजन करने के क्षेत्रों, बाल कटाने तथा और अधिक शारीरिक गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं।

12-वर्ष से अधिक आयु के 50 प्रतिशत एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त करने की संख्या-सीमा 18 मई को प्राप्त कर ली गई थी। साथ-मिलकर एल्बर्टावासियों ने मामलों की संख्या में नीचे की ओर गिरावट का रुझान और दो सप्ताहों की प्रतीक्षावधि में अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या को 800 से काफी कम रखा है।

चरण 1 के निर्देश तत्काल प्रभावी हैं। ये 28 मई को उपासना सेवाओं की संख्या सीमा में शुरू की गई ढील के अतिरिक्त हैं।

अधिकारी प्रांत में अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या और COVID-19 के फैलाव पर निकटता से दृष्टि रखते हुए एल्बर्टा के टीकाकरण रोलआउट की प्रगति की निगरानी जारी रखेंगे।

चरण 1: 12 वर्ष से अधिक आयु के 50 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद, तथा यदि COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 800 से कम रहती है और इसमें गिरावट आ रही रही है।

28 मई तक:

- उपासना सेवाओं के लिए क्षमता सीमा अग्नि संहिता उपस्थितगण संख्या के 15 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

1 जून से आरंभ:

- दूरी बनाए रखने के साथ आउटडोर सामाजिक जनसमूह में लोगों की संख्या 10 तक बढ़ जाती है।
    - इनडोर सामाजिक जनसमूहों की अनुमति अभी भी नहीं है।
- आउटडोर पेटियो में प्रति मेज पर अधिकतम चार लोग बैठकर भोजन करना फिर से आरंभ कर सकते हैं।
    - मेज पर बैठे सभी लोग एक ही घर-परिवार के सदस्य होने चाहिए, अथवा अकेले रहने वाले व्यक्ति के लिए डाइनिंग पार्टी में दो निकट संपर्कों की सीमा है।
    - शारीरिक दूरी और अन्य प्रतिबंध अभी भी लागू हैं।
- सभी आयुवर्गों के लिए आउटडोर शारीरिक गतिविधियों, प्रदर्शनों और मनोरंजन आयोजनों में शारीरिक दूरी के साथ 10 लोगों की अनुमति है।
- रिटेल स्थल अग्नि संहिता उपस्थितगण संख्या के 15 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम हैं (शारीरिक दूरी की क्षमता बनाए रखनी होगी)।

- व्यक्तिगत और कल्याण सेवाएँ केवल एपॉइंटमेंट से ही फिर से खोली जा सकती हैं।
- विवाह समारोहों में अधिकतम 10 लोग शामिल हो सकते हैं, जिनमें अधिकारी, दूल्हा/दुल्हन, गवाह और कोई भी फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर शामिल हैं। प्रीतिभोजों के लिए निषेध है।
- अंतिम संस्कार समारोहों में अधिकतम 20 लोग शामिल हो सकते हैं, जिसमें सुविधा स्टाफ, अंतिम संस्कार के लिए पादरी या मेहमान न माने जाने वाले आयोजकों के लिए अपवाद है। भोज के लिए निषेध है।
- सामाजिक दूरी और मास्किंग आवश्यकताएँ प्रभावी रहती हैं।

टीकाकरण की वर्तमान गति और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या में गिरावट होने के आधार पर 10 जून से चरण 2 के शुरू होने की उम्मीद है, बशर्ते अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या 500 से नीचे रहे और इसमें गिरावट आती रहे।

जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में चरण 3 के आरंभ होने की उम्मीद है। यह सभी एल्बर्टावासियों के टीके प्राप्त करने तथा लागू जनस्वास्थ्य उपायों का अनुपालन करते रहने पर निर्भर करता है।

एल्बर्टावासी वेबसाइट alberta.ca पर प्रांत की टीकाकरण प्रगति का अनुरेखण कर सकते हैं।

फिर से खोलने के दौरान प्रांत में COVID-19 के फैलाव की निगरानी जारी रहेगी। यदि आवश्यक हो, तो क्षेत्रीय या प्रांतीय स्तरों पर COVID-19 के फैलाव के रुझानों का उत्तर देने के लिए खुलने के क्रम को रोका जा सकता है।

निरंतर रूप से खोले जाना एल्बर्टावासियों द्वारा गर्मियों के महीनों के दौरान दो खुराकें लगवाकर पूरी तरह से टीकाकरण कराने पर निर्भर करेगा, ताकि भविष्य में COVID-19 के फैलवा की रोकथाम हो सके।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan)

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।